दैनिक भास्कर

29/6/2024

02

# एनएसयू : एमसीए-बीसीए के 12 स्टूडेंट्स को 3.50 लाख का पैकेज

जमशेदपुर| नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें आईटी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कंपनी टीसीएस, डेलॉयट, रिग्रो टेक इंडिया व पिक इंफोकॉम शामिल हुईं। इसमें बीसीए व एमसीए के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इन कंपनियों ने एसोसिएट सॉफ्टवेयर टेस्ट इंजीनियर, सॉफ्टवेयर डेवलपर व एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर कुल 12 छात्र-छात्राओं का चयन किया। इनको प्रशिक्षण के दौरान 3.5 लाख रुपए सालाना पैकेज मिलेगा।

**इनका हुआ चयन:** सृष्टि आर्या, मुस्कान, ओवैस रजा, आरिफ अंसारी, आकांक्षा कुमारी, दीपेश साव, प्रतिमा कुंभकार, निशांत बोरकर, अश्विनी कुमार, ज्योति व जावेद।